कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website – www.bcspgcdmt.com
E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com

NAAC GRADE-'B' | AISHE CODE- C-21763

दूरभाष – 07722–238933
फैक्स – 07722–237933

दिनांक 14/01/2022

:: विधि भाग एक (सेमेस्टर प्रथम) तथा विधि भाग दो (सेमेस्टर प्रथम) सत्र 2021–22 आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा संशोधन संबंधी सूचना ::

विधि भाग एक (सेमेस्टर प्रथम) तथा विधि भाग दो (सेमेस्टर प्रथम) सत्र 2021–22 में समस्त नियमित ,प्रवेशित तथा परीक्षा फार्म भर चुके विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.01.2022 को महाविद्यालय व्दारा जारी आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा संबंधी सूचना व आवश्यक निर्देश निरस्त किया जाता है। अब छ.ग.शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर व्दारा दिनांक 13.01.2022 तथा पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर छ.ग. व्दारा 13.01.2022 के परीक्षा दिशा निर्देश के अनुपालन में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा ऑनलाईन माध्यम से ली जाएगी। आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा सत्र 2021–22 के दिशा–निर्देश निम्नानुसार है:-

01. आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा विधि भाग एक एवं दो (प्रथम सेमेस्टर) (सत्र 2021–22) के नियमित, प्रवेशित एवं परीक्षा फार्म भर चुके पर लागू होगी।
02. परीक्षार्थी प्रत्येक विषय के केवल एक ही प्रश्न का ही उत्तर देंगे। (अधिकतम 200 शब्द प्रत्येक विषय हेतु।)
03. प्रत्येक विषय के प्रश्नपत्र में परीक्षार्थी से 03 प्रश्न पूछे जाएंगे।
04. आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा प्रत्येक विषय में 10 अंको की होगी।

Scanned with CamScanner

05. विद्यार्थी प्रत्येक विषय के प्रश्नों के उत्तर लिखने हेतु A4 साईज पेपेर का प्रयोग करें।

06. परीक्षार्थी प्रत्येक विषय के प्रश्न का उत्तर लिखने हेतु कव्हर पेज के अतिरिक्त तीन पेन का अधिकतम उपयोग करे।

07. परीक्षार्थी कव्हर पेज पर अपना नाम, कक्षा, अनुक्रमांक का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें एवं उस पर हस्ताक्षर करें।

08. आंतरिक मूल्यांकन के समस्त प्रश्नपत्रों को दिनांक 15.01.2022 को विद्यार्थियों से संबंधित व्हाट्सएप ग्रुप में समस्त विषयों के प्रश्नपत्र समय प्रातः 11:00 बजे भेजा जाएगा तथा सभी विषयों के प्रश्नपत्र महाविद्यालय के वेबसाईट पर भी उपलब्ध रहेंगे। विद्यार्थी प्रश्नपत्र को महाविद्यालय के वेबसाईट के माध्यम से डाउनलोड कर सकते है।

09. परीक्षार्थियों को प्रत्येक विषय के प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

10. आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित न होने वाले परीक्षार्थी का अनुपस्थित माना जावेगा।

11. परीक्षार्थी अपनी समस्त विषय की उत्तर पुस्तिका को दिनांक 18.01.2022 को समय प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक महाविद्यालय के विधि विभाग में अनिवार्यतः जमा करें।

12. विद्यार्थी कोविड-19 गाईड लाईन, राज्य शासन एवं जिला प्रशासन के नवीनतम दिशा-निर्देश का पालन करें ,मॉस्क अनिवार्यतः लगावें व सोशल डिस्टेसिंग का पालन करें।

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्र.प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जिला-धमतरी (छ.ग.)

Scanned with CamScanner